तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 17 दिसंबर 2023

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 केंद्र की योजनाओं को अब धरातल पर उतारा जायेगा : अजय



14 पहली बार निरस्त होने के बाद दूसरी बार निगम ने निकाला...






हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसंबर 2023
कूपन नं. 8

## खबर संक्षेप

### संकरी में 1 जनवरी को मड़ई

**सिर्री।** ग्राम संकरी में ग्रामवासियों के सहयोग से 1 जनवरी को मड़ई मेला रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए आनंद निषाद नवा अंजोर सड्डू रायपुर का आर्केस्ट्रा होगा। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष दसवंत साहू, जीवनलाल साहू ने दी।

### चरमुड़िया में घासीदास जयंती पर मड़ई मेला

**कुरुद।** बाबा गुरुघासीदास की जयंती पर आमाबगीचा सतनाम भवन चरमुड़िया में जयंती व मेला मड़ई आयोजित किया जा रहा है। शाम 4 बजे भव्य कलश यात्रा निकालकर व पालो चढ़ाकर जयंती मनाई जाएगी। इस दिन पंथी झांकी जय सतनाम नव युवक पंथी पार्टी नवागांव सेक्टर 28 (नवा रायपुर) का कार्यक्रम रखा गया है। रात्रि में सांस्कृतिक प्रोग्राम लोकरंग अर्जुन्दा (बालोद) की प्रस्तुति होगी।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी द्वारा रविवार 17 दिसंबर की सुबह 11 बजे संघ सीएमएचओ आफिस में बैठक रखी गई है जिसमें जिला स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में संघ की सदस्यता, स्थानीय लक्ष्यों, गतिविधियों एवं दिशा से संबंधित निर्णय लिया जायेगा। इसके साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय नारंग ने दी है।

### आदिवासी कंवर समाज का पारिवारिक मिलन समारोह कल

**धमतरी।** आदिवासी कंवर (पैकरा) समाज विकास समिति अंतर्गत सोमवार को युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन वीर भवन (नगर सेना कार्यालय के बाजू) रूद्री में किया गया है। आयोजन में अतिथियों का स्वागत व सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम व उत्कृष्ट बच्चों का सम्मान किया जाएगा।

### आपस में टकराने से वाहनों में लगी आग

**धमतरी।** दो वाहनों के आपस में टकराने से आग लग गई। इस घटना में एक वाहन सवार झुलस गया है। मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम खिसोरा व हसदा मार्ग में शनिवार की शाम ईको व कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहनों में आग लग गई। इस घटना में वाहन में सवार एक व्यक्ति के झुलस जाने की जानकारी मिली है। फिलहाल वाहनों में कितने लोग सवार थे, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

फिंगरप्रिंट, रेटिना स्केनिंग नहीं होने से बढ़ी बुजुर्गों की परेशानी

# एक माह में 15 प्रतिशत उपभोक्ताओं का केवायसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक माह बाद भी गैस कनेक्शनों में ई-केवायसी की स्पीड नहीं बढ़ पाई है। अब तक 12-15 प्रतिशत ही ई-केवायसी हो पाया है। केवायसी प्रोसेस को लेकर डीलर भी परेशान हैं। भरपूर प्रयास के बाद भी दिन में 70-80 लोगों का केवायसी हो पा रहा है।

गैस कनेक्शन पर सब्सिडी का लाभ पात्र हितग्राही को ही मिले। यह सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी एलपीजी कनेक्शनों में ई-केवायसी किया जा रहा है। गैस एजेंसियों में ई-केवायसी के लिए रोजाना उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है लेकिन ई-केवायसी का प्रोसेस इतना सुस्त है कि दिनभर एजेंसी के कर्मचारियों के इस काम में लगे रहने के बाद भी 70-80 लोगों का ही ई-केवायसी हो पा रहा है। सुबह से शाम तक एजेंसी में केवायसी का काम चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में 14 एलपीजी एजेंसियां हैं। इन एजेंसियों में करीब 2 लाख उपभोक्ता हैं। अब तक करीब 15 प्रतिशत उपभोक्ताओं का ही ई-केवायसी हो पाया है। उधर ई-केवायसी को लेकर एजेंसी संचालक भी परेशान हैं। ई-केवायसी के साथ उज्जवला कनेक्शन बांटने काम और ग्राहकों को गैस सिलेंडर की सप्लाई करने का काम भी चल रहा है। ऐसे में उन पर वर्कलोड बढ़ गया है।

### सीनियर सिटीजन्स की समस्या

ई-केवायसी दो माध्यमों से किया जा रहा है। पहला फिंगरप्रिंट और दूसरा रेटिना स्केनिंग। इन दोनों माध्यम से ई-केवायसी कराने में सीनियर सिटीजन्स को काफी समस्या आ रही है। 65 प्लस आयु के अधिकांश लोगों का फिंगरप्रिंट मशीन रीड नहीं कर पा रही है। वहीं कई लोगों का मोतियाबिंद आपरेशन भी हो चुका है, ऐसे में उनकी रेटिना स्केनिंग भी नहीं हो पा रही है। कोई तीसरा आप्शन नहीं होने के कारण सीनियर सिटीजन्स की ई-केवायसी बड़ी संख्या में पेडिंग हो रही है।

### सब्सिडी की आस

केंद्र सरकार ने गैस रिफिलिंग पर 200 रुपए सब्सिडी देने की घोषणा की है। यह सब्सिडी पूरे देश में गैस कनेशनधारियों को मिलेगी। उल्लेखनीय है कि उज्ज्वला गैस कनेक्शनधारियों को पहले से 200 रुपए की सब्सिडी मिल रही है। ऐसे में उज्ज्वला गैस रिफिलिंग पर केंद्र की ओर से कुल 400 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। माना जा रहा है कि ई-केवायसी सब्सिडी देने से पहले की तैयारी है। इसके माध्यम से वास्तविक उपभोक्ताओं की पहचान की जाएगी और उन्हें ही सब्सिडी मिलेगी।

### निःशुल्क है केवायसी

श्री बालाजी एचपी गैस एजेंसी के संचालक लिखेश संघवी ने बताया कि ई-केवायसी के लिए उपभोक्ता को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, एलपीजी कार्ड और मोबाइल नम्बर लेकर आना होगा। उनके अंगूठे की बायोमेट्रिक से ई-केवायसी किया जाएगा। यह कार्य गैस एजेंसी में निःशुल्क हो रहा है। असुविधा से बचने के लिए उपभोक्ताओं को ई-केवायसी में अपना सही- पता दर्ज करना चाहिए।




ग्राम पंचायत भोयना के पास हुआ हादसा

# बाइक की ठोकर से स्कूली छात्रा घायल




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्कूल से अपने घर जा रही साइकिल सवार छात्रा को तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी। इस हादसे में छात्रा घायल हो गई ।

मिली जानकारी के अनुसार कु. नूतन नेताम पिता दिलीप उम्र 13 वर्ष ग्राम मथुराडीह थाना अर्जुनी निवासी नूतन स्कूल की छात्रा है। शनिवार को सुबह छात्रा छमाही परीक्षा दिलाने स्कूल गई थी। परीक्षा दिलाकर छात्रा साइकिल चलाते अपने घर मथुराडीह लौट रही थी। इसी दौरान भोयना ग्राम पंचायत के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक क्रमांक सीजी 07 एलडब्ल्यू 3401 के चालक ने उसे टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से छात्रा साइकिल समेत सड़क पर गिर गई।

इस घटना में छात्रा के घुटने में चोट आई है। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान व मोनू साहू एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल छात्रा को ओजस्वी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। बताया गया है कि बाइक चालक युवक नशे में था। इसी दौरान मौके पर पहुंची अर्जुनी पेट्रोलिंग ने बाइक चालक को थाने ले गई। आगे की कार्रवाई जारी है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969



## खबर संक्षेप

### परीक्षा फार्म निर्धारित शुल्क के साथ 5 जनवरी तक जमा करें

**आमदी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के नियमित छात्र-छात्राओं का परीक्षा फार्म निर्धारित शुल्क बिना विलंब शुल्क के साथ 15 दिसंबर से 5 जनवरी तक एवं 6 जनवरी से 13 जनवरी तक निर्धारित शुल्क एवं 100 रूपए विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन माध्यम से भराया जा रहा है। सभी विद्यार्थी नियत तिथि तक अपना मुख्य परीक्षा फार्म भर लेवें। हार्ड कॉपी परीक्षा केन्द्र 408, शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में अग्रेषण शुल्क राशि तीस रूपए के साथ अनिवार्य रूप से जमा करें।

### दर्री में रासेयो शिविर आज से

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा के प्राचार्य चैतराम साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर दर्री में 17 से 23 दिसंबर तक आयोजन होगा। शिविर में प्रभात फेरी, योग, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, देशी खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शिविर में स्वयंसेवकों के चयन का मापदंड नियमित गतिविधियों, विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता के आधार पर 50 शिविरार्थी का चयन किया गया है। शिविर का थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है। शिविर संचालक कुंदन साहू, शिविर नायक भोजराज यादव, शिविर नायिका डोमेश्वरी, दल नायक प्रिंस यादव, नितिश कुमार, सौरभ, एसकुमार, टेकराम का चयन किया गया है। दर्री के ग्रामीण सोमनाथ साहू, उत्तम कुमार साहू, कन्हैया देवांगन, ओमप्रकाश, उत्तम कुमार, रमेश मरकाम, शिवसिग, महेंद्र कुमार, रघुवीर साहू ने कहा कि गांव में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर पहली बार आयोजित होगा।

### श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचिका ने सती चरित्र का किया वर्णन

# हमें हमेशा मर्यादा का पालन करना चाहिए : प्रभुप्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा





ग्राम सांकरा में राधे-राधे सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन उज्जैन से पहुंची कथावाचिका बालविदुषी प्रभुप्रिया ने सती चरित्र के बारे में बताया एवं सनातन से जुड़ी स्त्रियों को कभी भी अकेले कहीं नहीं जाने की सलाह दी।

उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमारे लिए आदर्श है। हमें हमेशा सद्विचार के साथ मर्यादा का पालन करना चाहिए। उन्होंने माता सती के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सती ने भगवान शिव के मना करने के बाद भी अपना भ्रम दूर करने माता सीता का रूप धरकर श्रीराम की परीक्षा ली एवं परीक्षा में असफल व लज्जित हुई। सीता का रूप धारण कर लेने के कारण शिवजी को उन्हें त्यागना पड़ गया। भगवान की लीलाओं के चलते सती को योग अग्नि में स्वयं को समाहित कर अपना शरीर का नाश करना पड़ा।

प्रभुप्रिया ने कथा में आगे बताया कि स्त्री को कभी भी अकेला नहीं जाना चाहिए। अविवाहित को माता-पिता, विवाहित को पति और बुजुर्गों को अपने बेटे-बेटियों के साथ जाना चाहिए। इनके साथ न होने से हमेशा किसी अनहोनी होने का डर रहता है। माता सती ने भी यही गलती की थी। जब श्रीराम की परीक्षा ली तो अकेले चली गई बाद में जब उसके पिता ने यज्ञ आयोजित किया तो भी बिना आमंत्रण व पति के वहां पहुंच गई जहां उन्हें अपमानित होना पड़ा।

इससे पहले गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीलसाय साहू, अंगेश साहू, हरख साहू, ओंकार साहू, दिनेश साहू, टिकेश साहू, लूनकरण साहू, यशवंत यादव, चंदू, हरलाल साहू, नारायण, पारस, झम्मन समेत आयोजन समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

# छात्रों ने व्यवसाय में होने वाले लाभ-हानि के बारे में जाना



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय नवीन प्राथमिक शाला अटंग में आनंद मेला का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न दुकानें लगाकर व्यवसाय में होने वाले हानि लाभ का अनुभव किया। स्कूली बच्चों द्वारा अलग- अलग व्यंजनों का स्टाल लगाया गया। पालकों और अन्य ग्रामीणों ने बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लिया। मौके पर शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू, रोशनलाल चंद्राकर सरपंच प्रतिनिधि अटंग, नरेन्द्र साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला अटंग, भारतेंद्र जोशी प्रधानपाठक नवीन प्रथमिक शाला अटंग, केदार प्रसाद साहू, भागवत राम साहू, रानुलाल साहू, रूपवती साहू, तामेश्वरी तारक, इंदुराम साहू, नरसिंहराम साहू, शिक्षक इंद्रजीत बंजारे, पुनाराम साहू, कामिनी साहू, सविता साहू शिक्षिका माध्यमिक विद्यालय, शाला विकास समिति के अन्य सदस्य के साथ पालकगण मौजूद रहे।

# किसान सड़क पर सुखा रहे धान आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





■ धान खरीदी केन्द्रों में चल रही मनमानी

धान फसल को खराब होने से बचाने के लिए सेमरा, सुपेला, सिलघट एवं सिर्वे सहित अंचल के किसान सड़क पर धान को सुखा रहे हैं जिससे आने-जाने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अगर ऐसा रहा तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जब हमारे संवाददाता ने कुछ किसानों से इस बारे में पूछा तो उन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि खराब मौसम के चलते कुछ दिन पहले बारिश हुई है जिसमें फसल भीग चुकी है। अगर इसे नहीं सुखाएंगे तो यह अंकुरित हो जायेगा। धान को सुखाने के लिए हमारे पास जगह नहीं है तो इसे सड़कों पर सुखाने मजबूर हैं।

एक किसान ने बताया कि अगर सही वक्त पर टोकन कटा होता तो हमें सड़क पर धान सुखाने की जरूरत नहीं पड़ती। टोकन नहीं मिलने के कारण व बारिश की वजह से हमारी फसल भीग गई जिसके चलते हमें धान को सुखाना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अभी कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा ऑनलाइन टोकन व्यवस्था में गड़बड़ी की जा रही है, जिससे टोकन के लिए किसानों की भीड़ लग रही है। किसानों द्वारा ऑनलाइन टोकन बुक कराने से पहले वे उस दिनांक से आगे दिनांक तक टोकन जारी कर रहे हैं और तो और किसानों द्वारा धान खरीदी केंद्र में टोकन के लिए चक्कर काटने पर ऑनलाइन टोकन काटने की हिदायत दी जाती है, जिससे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यवस्था में कमी के परिणामस्वरूप किसानों को यह समस्या झेलनी पड़ रही है। यह असुविधा लगभग सभी धान खरीदी केन्द्रों में है।

## अंचल की खबरें

### सतनाम शोभायात्रा का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**कुरूद।** कुरूद नगर में संत गुरुघासीदास बाबा की शोभायात्रा पंथी नृत्य, बालक- बालिका के नृत्य और कला प्रदर्शन, सतनाम संदेश के ध्वज धारकों, अखाड़े और डीजे की धुन पर धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा चंडी मंदिर, थाना रोड, पुराना बाजार चौक, सरोजनी चौक, कारगिल चौक, संजय नगर होते हुए डिपो मार्ग स्थित सतनाम भवन पहुंची। इस शोभायात्रा का विभिन्न समाज के लोगों, मालक राम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू संघ, ज्योति चंद्राकर पूर्व नपं अध्यक्ष, निरूपा चंद्राकर, कृष्णकांत साहू विधायक प्रतिनिधि, मूलचंद सिन्हा सांसद प्रतिनिधि, भारत साहू, टिकेश साहू, जागृति साहू, भारती पंचायन, संजू चंद्राकर ने जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

### फुसेरा में मितानिनों का हुआ सम्मान



**जीजामगांव।** स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ कर समर्पित भाव से स्वास्थ्य विभाग की एक-एक योजना को जन-जन तक पहुंचाने वाली मितानिनों का ग्राम पंचायत फुसेरा द्वारा शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ लोकश साहू जनपद सदस्य, पूजा साहू सरपंच, पंचगण सोमलता साहू, चमेली नेतमा, सविता लहरी, प्रमिला साहू, साधना साहू, पुष्पा साहू, राजेश साहू, परदेशी साहू, सुरेश तारक, केसरी साहू सचिव, ममता साहू ऑपरेटर सोना साहू, कामिनी यादव एवं मितानिन लीलेश्वरी साहू, पूर्णिमा ध्रुव, शकुंतला साहू, इंद्राणी विश्वकर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### स्वयंसेवकों ने दिया नशामुक्ति का संदेश



**मगरलोड।** यशवंतराव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम परसाबुड़ा में संचालित किया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी के माध्यम से मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति का संदेश गांववालों को दिया। परियोजना कार्य अंतर्गत ग्राम पंचायत परसाबुड़ा के आश्रित ग्राम रेंगाडीह में स्वच्छता अभियान के साथ-साथ नारा लेखन के माध्यम से गांववालों को स्वच्छ रहने का संदेश दिया गया। बौद्धिक परिचर्चा अंतर्गत गोविंद राम साहू एवं श्रीमती अनीता साहू सहायक प्राध्यापक ने एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में युवाओं के योगदान के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अपनी कला को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन शिविर नायिका कुंती साहू एवं आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमा चंद्राकर ने किया।

### मुजगहन में भाजपाइयों ने फोड़े पटाखे



**धमतरी।** ग्राम मुजगहन के भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण पर ग्राम के अटल चौक पर आतिशबाजी की एवं मिठाई बांटी। मौके पर पंडित राजकुमार तिवारी, डॉ. रामायणलाल साहू, लखनलाल सिन्हा, उपसरंपच डोमार नाग, पंच डेरहा यादव, देवेश साहू, बूथ अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष संतोष साहू, बूथ अध्यक्ष भागवत सिन्हा, खिलेश्वर साहू, ललित सिन्हा, ईश्वर सेन, वार्ड पंच नरेश ध्रुव, भुनेश्वर पुरी गोस्वामी, प्रदीप तिवारी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर शिविर दल को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं इकाई 2 का सात दिवसीय विशेष शिविर संयुक्त रुप से ग्राम कोकड़ी (नारी) में 16 से 22 दिसंबर तक आयोजित है, जिसमें शिक्षा , स्वास्थ्य, स्वच्छ्ता, योग, कौशल विकास, अपने को पहचाने, करियर मार्गदर्शन, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका आदि विषय से संबंधित परिचर्चा एवं विभिन्न प्रकार की जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। शिविरार्थियों को प्राचार्य डा. डीके राठौर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शिविर स्थल के लिए रवाना किया गया।

मौके पर सहायक प्राध्यापक डा. आरके पाण्डेय, एमएस साहू, सरस्वती धृतलहरे, शीबा वंजारी, अमित टंडन, बीआर देवांगन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार एवं रेणु पाटले सहित विधायक प्रतिनिधि भोजराज चंद्राकर एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी महेश केला उपस्थित थे।

# रासेयो छात्रों ने चलाया रामपुर परसट्ठी में स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडेल (मधुबन) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का रामपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर संचालित है। रासेयो छात्रों द्वारा ग्राम पंचायत परसट्ठी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनएसएस सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार साहू ने बताया कि सरपंच टोमन लाल साहू की अगुवाई में गांव की गलियों की सफाई की गई। रामपुर से परसट्ठी पहुंच मार्ग, जिम शाला परिसर, बाजार चौक, पंचायत भवन परिसर, शासकीय राशन दुकान परिसर, गांव के चौक-चौराहों तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर की साफ सफाई स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा की गई। कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश टाण्डे ने बताया कि रामपुर, परसट्ठी में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित है जहां प्रत्येक दिवस दैनिक गतिविधि के रूप में स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता को सेवाभाव मानकर सफाई कार्य को अपना उद्देश्य बनाया है। दोपहर 2 से शाम बजे तक बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया जाता है। समापन दिवस पर बाजार चौक रामपुर, परसट्ठी में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

# परसाबुड़ा में रेडक्रॉस ने एड्स जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में एड्स की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए 1 से 15 दिसंबर तक विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा अंतर्गत एचआईवी एड्स विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जनजागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत रंगोली, चित्रकला, नारा लेखन, निबंध लेखन , वाद-विवाद, मानव श्रृंखला, एड्स जागरूकता रैली एवं एड्स के नियंत्रण एवं रोकथाम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को एड्स बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी की गई। सही जवाब देने वाले छात्र छात्रों को पुरस्कृत किया गया। ग्राम परसाबुड़ा में रेडक्रॉस के वालंटियर्स द्वारा लोगों में जागरूकता लाने के लिए एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। रेड रिबन की प्रतीकात्मक मानव श्रृंखला बनाकर लोगों में फैले अंधविश्वास को दूर कर समानता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवांगन, रेडक्रॉस प्रभारी श्रीमती दिव्या देवांगन, एनएसएस प्रभारी सुश्री रमा देवी, सुश्री निरूपा साहू, गोविंद राम साहू, श्रीमती अनीता साहू सहित छात्र- छात्राएं एवं प्राध्यापकगण शामिल हुए।

## निधन

### सोनबती साहू



**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद निवासी सोनबती साहू 95 वर्ष का 15 दिसम्बर को निधन हो गया। वे ग्राम विकास समिति चिटौद के अध्यक्ष चोवाराम साहू, सुखचंद साहू एवं मोहनलाल साहू की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पचपेड़ी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को सेवानिवृति पर दी गई विदाई

# छात्रों को बताया सफलता का मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी के प्रभारी प्राचार्य चित्रसेन साहू को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई प्रदान की गई। चित्रसेन साहू का इस संस्था आगमन में 5 अगस्त 2016 में व्याख्याता वाणिज्य के रूप में हुआ । श्री साहू 17 अगस्त 2019 से संस्था के प्रभारी प्राचार्य के रूप में दायित्व का निर्वहन कर रहे थे।

कार्यक्रम के अतिथि राजकुमार गंजीर प्राचार्य सेजस भखारा, परसराम, प्रीतम आहरण एवं संवितरण अधिकारी, शिवनारायण गजेंद्र ,बीरेंद्र साहू, नरेंद्र कुमार ध्रुव, दाऊलाल साहू , आरके साहू ,राजेश कुमार बघेल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर, सोहन साहू, मोहनलाल सिन्हा, विनोद ठाकुर प्रधा पाठक, खिलावन साहू प्रधानपाठक, कैलाश साहू प्रधानपाठक, ओमप्रकाश रात्रे संकुल समन्वयक पचपेड़ी, ऋषिकांत साहू, रुमेश राय, छत्रपाल निषाद, सेवानिवृत्त प्राचार्य पतिराम गुरुपंचायन थे।

अतिथियों ने कहा कि श्री साहू सहज, सरल और मृदु भाषी व्यक्ति हैं। उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। चित्रसेन साहू ने अपने जीवन वृतांत को मंच के माध्यम से साझा करते हुए छात्रों को सफलता का मूल मंत्र बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य रविंद्र कोसरे ने कहा कि चित्रसेन समय के पाबंद और कार्य के प्रति समर्पित थे।

मौके पर जगदीश राम साहू- अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पचपेड़ी, फत्तेराम महार सरपंच पचपेड़ी, भगवान दास साहू, राजकुमार साहू, संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू, साहूकार साहू, मेघराज साहू, बसंत कुमार साहू, कमलेश कुमार कंवर, हरिश्चंद्र पटेल, मिथलेश कुमार सिन्हा, पारसमणि साहू, प्रदीप कुमार मानिकपुरी, जानकी वर्मा, व्यायाम शिक्षक सुरेश निषाद, हेमेंद्र कुमार मेश्राम, जेआर साहू, सुश्री पुष्पलता ठाकुर, मीना सिन्हा और प्रमिला बारले उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं पेट ,लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ अरूण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
22 दिसम्बर 2023 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

विधायक चंद्राकर ने कोर्रा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

# केंद्र की योजनाओं को अब धरातल पर उतारा जायेगा : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 16 दिसंबर से हो गया है। इस कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय दोपहर 3 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर ग्राम पंचायत कोर्रा में भी आयोजित हुआ। जहां संकल्प भारत यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस यात्रा के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर को कार्यकर्ताओं ने सिक्कों से तौला।

- कार्यकर्ताओं ने विधायक को सिक्कों से तौला

इस दौरान श्री चंद्राकर ने पुनः विधायक चुनने पर जनता का आभार व्यक्त किया और मोदी सरकार की संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को पक्का मकान देने प्रतिबद्ध है। पीएम आवास योजना, जलजीवन मिशन, उज्ज्वला योजना जैसी कई जन कल्याणकारी योजना संचालित हैं। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने से केंद्र की योजनाओं को प्रमुखता से धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। गरीबों के हक में डाका डालने वाले को जनता स्वीकार नहीं करती। राज सत्ता जब-जब गरीबों को उपेक्षित करती रही है तब-तब सत्ता से दूर रही है।

### हितग्राहियों ने सुनाई अपनी कहानी अपनी जुबानी

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी कहानी अपनी जुबानी प्रस्तुत की। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हुए अजय पटेल, स्वच्छ भारत मिशन से अजीत, गौरी साहू, उज्जवला योजना से रश्मि और गरीब कल्याण अन्न योजना से लाभान्वित सुनीता कामड़े ने अपनी कहानी सुनाई। इस अवसर पर विधायक श्री चन्द्राकर ने विकसित भारत संकल्प की शपथ उपस्थितों को दिलाई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम कोर्रा को ओडीएफ प्लस मॉडल प्रमाण पत्र का वितरण ग्राम के सरपंच को किया।



### महिला हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिया

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सांकेतिक तौर पर 4 महिला हितग्राहियों को गैस कनेक्शन मुख्य अतिथि श्री चन्द्राकर ने प्रदान किया। इनमें रेखाबाई, काजल साहू, टामिन साहू और केसरी बाई साहू शामिल हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों का स्टॉल लगा रहा जहां सरकार द्वारा संचालित की जाने वाली तमाम योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी जा रही थी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोक्तिमा यादव, एसडीएम एस.डेविड, बी.आर.वर्मा सीईओ जनपद पंचायत कुरूद, चोवा राम साहू सरपंच कोर्रा, भाजपा नेतागण भीम साहू, आनंद यदु, रामगोपाल देवांगन, भावप्रकाश साहू, अनीता गजपाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# फिर शुरू हो गई अवैध रेत खदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मात्र दो दिन ही अवैध रेत खदाने बंद रही। अब फिर से अवैध खदान चालू हो गई है। इन घाट के संचालकों ने बकायदा वाट्सएप ग्रुप बनाया है, जिसमें नदी घाट चालू होने और बंद होने का मैसेज सीधे हाइवा संचालकों को भेजा जा रहा है। मैसेज मिलते ही हाइवा लोडिंग के लिए पहुंच जाते हैं। वर्तमान में कई अवैध रेत घाट फिर से चालू हो गए हैं। इसकी जानकारी खनिज विभाग को भी है, इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अवैध खदानों से ट्रैक्टर की लोडिंग एक भी दिन बंद नहीं हुई है। इन खदानों से लगातार ट्रैक्टरों से उत्खनन जारी है। कई अवैध खदान पुल-पुलिया के पास भी चल रही है।

**केस-1** मथुराडीह रेत भंडारण में घाट लोडिंग चालू हो गई है। यहां पर 10 चक्का हाइवा की लोडिंग 35 सौ रुपए में और 12 चक्का हाइवा की लोडिंग 4 हजार रुपए में की जा रही है। रायल्टी लेने पर अलग से 3 हजार रुपए देना होगा।

**केस-2** अरौद रेत भंडारण में भी नदी से सीधे लोडिंग चालू हो गई है। इसके लिए मशीनें नदी में उतर गई हैं। यहां पर 10 चक्का हाइवा लोडिंग के लिए 4 हजार और 12 चक्का हाइवा लोडिंग के लिए 5 हजार रुपए चार्ज लिया जा रहा है।

### बंद कराई गई थी खदानें



पांच दिन पहले खनिज अधिकारी खदान संचालकों की बैठक लेकर इन खदानों को बंद करने के लिए मौखिक आदेश दिया था। उनके आदेश के बाद दो दिन ही ये खदानें बंद रहीं। सरकार गठन के बाद फिर से ये खदानें चालू हो गई हैं। शनिवार को बड़ी संख्या में इन खदानों में हाइवा पहुंच गए थे। दो दिन खदान बंद रहने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली थी। अब फिर से खदान चालू होने के बाद वे शिकायत करने के मूड में हैं।




# राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित मत्स्य कृषक मुश्ताक खान नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

धमतरी जिले के उन्नत मत्स्य कृषक मुश्ताक खान 49 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके गृह ग्राम बगौद में देर शाम निकली अंतिम यात्रा में शामिल होकर मछली उत्पादन विक्रय से जुड़े कई जिलों के सहयोगियों एवं सर्व समाज लोगों ने उन्हें अलविदा किया।



ज्ञात हो कि कुरुद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बगौद के एक तालाब से मत्स्य पालन का काम शुरू करने वाले मुश्ताक की भारतबाला एक्रा कल्चर कंपनी ने 2021-22 के वित्तीय वर्ष में 4 हजार टन मछली उत्पादन कर इस काम में 21 सौ लोगों का रोजगार सृजित किया था। उनकी इस उपलब्धि को स्वीकार करते हुए उत्कृष्ट व उल्लेखनीय मछली पालन उत्पादन एवं इससे रोजगार सृजन के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय मतस्यिकी विकास बोर्ड ने श्री खान को बेस्ट प्रोपाइटरी फार्म अवार्ड से सम्मानित किया था ।

इससे पूर्व राज्य सरकार ने भी केज कल्चर, रंग बिरंगी मछली, चिताला, देशी मांगूर का श्रेष्ठ उत्पादन करने वाले मुश्ताक को राज्य स्तरीय उन्नत कृषक बिलासाबाई केंवटीन पुरस्कार से सम्मानित किया था। समान्य मुस्लिम परिवार में पले बढ़े मुश्ताक ने पढ़ाई के बाद रायपुर की एक फीस सेंटर में नौकरी की। गांव लौटकर रेग में खेत लेकर उसे तालाब बनाकर मछली पालन की शुरुआत की।

पूर्व सरपंच एवं वर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलेश्वर चंद्राकर ने बताया कि दो दशक पहले शून्य से शिखर तक का सफर करने वाले मुश्ताक ने विपरीत परिस्थितियों का सामना कर अपने कारोबार को उंचाई तक पहुंचाया। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के पुरस्कार जीतकर बगौद को गौरवान्वित करने वाले इस युवक ने क्षेत्र में रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध कराए।

जीवन में सब कुछ हासिल कर लो प्रोफाइल में रहते हुए जिंदादिल मोटिवेटर के रुप में हम सब के बीच रहे मुश्ताक रियल हीरो थे। बताया गया कि विधायक अजय चन्द्राकर ने भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के इस कर्मयोगी की हर मुश्किल में एक मददगार की भूमिका निभाई है। उनके असमय शांत होने की खबर से उनके सभी चाहने वाले हतप्रभ रह गए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133






## अंचल की खबरें

### जेल का निरीक्षण कर कैदियों से की मुलाकात



**धमतरी।** महिला बाल विकास विभाग के प्रमोद साहू, मोहिनी सिन्हा, गजानंद साहू, हेमराज सोनी ने शुक्रवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान कैदियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। कानूनी मदद के लिये सहयोग करने की बात कही। वहां पर चार नाबालिग कैदी को चिन्हित कर उनकी जन्मतिथि की जानकारी लेकर बालगृह ले जाने पर चर्चा की गई। इस दौरान किशोर न्याय बोर्ड के नोडल अधिकारी प्रमोद अमृत, परामर्शदाता रानी गजेन्द्र, जिला महिला बाल विकास अधिकारी, हरिकीर्तन राठौर बाल विकास समिति के अध्यक्ष व सदस्य हेमराज सोनी, आउट रिच वर्कर मनोज साहू उपस्थित थे।

### लीलर को आश्रित मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की मांग



**धमतरी।** ग्राम पंचायत लीलर को आश्रित मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की मांग की गई है। ग्राम पंचायत लीलर की सरपंच सावित्री बाई मधुकर, उपसरपंच धनेश कंवर सहित ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि लीलर ग्राम पंचायत में मतदाताओं की संख्या 1122 है। आश्रित ग्राम बागोडार तथा जोगीडीह होने के कारण आए दिन यहां विवाद की स्थिति बनी रहती है। मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों में बाधा डालने के कारण पंचायत का माहौल खराब रहता है। ग्रामीण तथा ग्राम पंचायत ने निर्णय लिया है कि आश्रित ग्राम से मुक्त ग्राम पंचायत बनाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में नरेश कुरैटी, कार्तिकराम, अगस्तराम नेताम आदि उपस्थित थे।

### ओबीसी अधिवक्ता परिषद की हुई बैठक



**धमतरी।** ओबीसी अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ राज्य कार्यकारिणी की बैठक अभिलाषा परिसर बिलासपुर में ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू की उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी संजीव कुमार साहू ने कहा कि हमें ओबीसी अधिवक्ता परिषद का विस्तार प्रत्येक जिला व ब्लॉक लेवल तक करना है। सीनियर एडवोकेट सोमकांत वर्मा, पुष्पेंद्र पटेल, मनोज जायसवाल, गजेंद्र साहू, अजीत यादव, राजकुमार साहू, ममता जायसवाल, लक्ष्मी कश्यप, अखत यादव राम, विफल रजवाड़े, हेमंत साहू, रितेश वर्मा, लवकुश साहू, ईश्वर जायसवाल ने अपने उद्बोधन में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

### पीजी कॉलेज मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल मैच शुरू



**धमतरी।** डीएफसी की ओर से पीजी कॉलेज ग्राउंड में शनिवार से तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न स्कूलों के अंडर-19 खिलाड़ी भाग लिए हैं। प्रतियोगिता में म्युनिस्पिल स्कूल, सर्वोदय स्कूल, विद्याकुंज स्कूल, सेंट जेवियर्स, मेनोनाइट स्कूल की टीम तीन दिनों तक मैच खेलेगी। डीएफसी के श्री नायर ने बताया कि पहले दिन शनिवार को विद्याकुंज स्कूल ए और सेंट जेवियर्स द्वितीय तथा सर्वोदय स्कूल और म्युनिस्पिल स्कूल के बीच मैच खेला गया, जिसमें म्युनिस्पिल स्कूल की टीम 1-0 से विजेता रही। लड़कियों की विद्याकुंज स्कूल की टीम ने बाजी मारी। 4-0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश लिया।

- **पहले दिन म्युनिस्पिल स्कूल और विद्याकुंज स्कूल की टीम बनी विजेता**

### न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर आया

**धमतरी।** मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार आगामी दो दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तीन दिनों में तापमान में तीन डिग्री की गिरावट आएगी। शनिवार की सुबह जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री मापा गया है। वहीं दोपहर को अधिकतम तापमान 27 डिग्री पर रहा। सीजन का सबसे अधिक ठंड शनिवार को पड़ा। कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पर आने की संभावना है।

### सिटी बसों के बंद होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

# पहली बार निरस्त होने के बाद दूसरी बार निगम ने निकाला 10 सिटी बसों का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर निगम अब सिटी बसों को पुनः चालू करने वाला है। बस संचालन शुरू होने से यात्रियों को जल्द ही इसका लाभ मिलेगा। निगम ने इसके संचालन के लिए दोबारा टेंडर जारी किया है। टेंडर होते ही सिटी बसें जिले के विभिन्न रूटों पर दौड़ने लगेंगी। ज्ञात हो कि पूर्व में जिले को 10 सिटी बसें मिली थीं जो कोविड के समय बंद हो गया था। बसों को सड़कों पर फिर से दौड़ाने के लिए निगम ने सितंबर-अक्टूबर माह में टेंडर जारी किया था लेकिन एक ही आवेदन आने की वजह से दोबारा टेंडर जारी किया है।

कमिश्नर विनय कुमार पोयाम ने बताया कि यात्रियों की मांग पर निगम ने सिटी बसों का फिर से संचालन करवाने का निर्णय लिया है। इसके लिए सितंबर-अक्टूबर माह में टेंडर जारी किया गया था। एक ही आवेदन होने के कारण कलेक्टर के निर्देश पर टेंडर को निरस्त किया गया। अब फिर से टेंडर निकाला गया है जिसमें सिटी बसों का ठेका फाइनल हो जाएगा। संभवतः जनवरी माह में सिटी बसें चालू हो जाएंगी।

बता दें कि नगर निगम की ओर से शहर में सिटी बस चलाने के लिए रूट चार्ट बनाया गया है जिसमें कुल 10 बस चलेंगी। जिले को मिनी बस अर्जुनी मोड़ से कलेक्ट्रेट, गंगरेल, कुरूद, मगरलोड, भखारा, बस स्टैंड, नरहरपुर, कांकेर, सनौद, पुरूर, बालोद, गुंडरदेही, नगरी, माड़मसिल्ली रूट पर चलेगी।

गौरतलब है कि नगर निगम को साल 2015 में जिले के लिए 10 सिटी बसें मिली थीं। इसका संचालन शहरी सार्वजनिक सोसायटी रायपुर करती थी। सिटी बस सेवाओं का संचालन कोरोनाकाल के बाद बंद हो गया। पुरानी बसों में से 6 को रायपुर भेज दिया गया। 4 बसें कंडम हालत में अर्जुनी डिपो में खड़ी रहीं। इसके बाद 3 और बसों को फिर से रायपुर भेज दिया गया। सिटी बसों के बंद हो जाने से हजारों यात्रियों को परेशानी हो रही है।

कोलियारी, खरेंगा, नगरी, भखारा तथा डुबान क्षेत्र में बस नहीं चलने से लोगों को डबल किराया देना पड़ रहा है। साथ ही इन रूटों के रहवासियों को अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। सिटी बसें अगर चलती हैं तो यात्रयों को सुगम साधन मिलेगा। किराया भी कम लगेगा।

### सेमरा (बी) में शिव महापुराण यज्ञ 2 से

**अंवरी।** स्व. झाड़ूराम साहू, स्व. नारायण साहू, स्व. सुखवंतीनबाई, दीनूराम एवं अमरुदराम साहू की स्मृति में किरणबेर परिवार सेमरा (बी) द्वारा 2 से 9 जनवरी तक शिवपुराण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक श्रीश्री 1008 संत श्री बालयोगी सर्वेश्वरानंद सरस्वती होंगे। 2 जनवरी को 10 बजे कलश यात्रा, 1 बजे कथा प्रारम्भ, शिवमहापुराण की बैठती चंचुला प्रसंग, 3 जनवरी को भगवान शंकर का प्राकट्य, शिव पूजन का महाकाव्य, 4 जनवरी को शिवरात्रि का महात्म्य, नारद प्रसंग, कुबेर प्रसंग, 5 जनवरी को शिव पार्वती विवाह, 6 जनवरी को श्री कार्तिकेय प्राकट्य, बाल लीला, धरती की परिक्रमा, 7 जनवरी को भगवान गणेश का प्राकट्य, विवाह, 8 जनवरी को बारह ज्योतिर्लिंग की कथा, 9 जनवरी काके हवन पूजन, पूर्णाहुति, भंडारा, महाप्रसादी, गीता प्रवचन होगा। प्रवचन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। कार्यक्रम की तैयारी में माधोराम साहू, गजमनी साहू सहित अन्य जुटे हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया प्रहार दिवस

### 1971 की जंग में पाकिस्तान पर भारत की जीत के योद्धाओं को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





सन 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच यादगार जंग हुई थी। यह जंग भारत पर पाकिस्तान ने थोपी थी। इसके बाद भी भारतीय वीर योद्धाओं ने अपनी वीरता का परिचय देते हुए 16 दिसंबर 1971 को 93,000 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को सामूहिक रूप से आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर यह जंग जीती थी। इस जंग में भारत के 3000 जवान शहीद हुए थे वहीं 12,000 वीर सैनिक घायल हुए थे। आज भारत इन्हीं वीर योद्धाओं की याद में उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप इस दिवस को विजय दिवस के रूप में मनाता है। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उन वीर योद्धाओं की वीरता को नमन करने प्रहार दिवस के रूप में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। इसी कड़ी में 16 दिसंबर शनिवार को धमतरी नगर की विभिन्न शाखाओं में स्वयंसेवकों ने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए प्रहार दिवस पर एक घंटे की शाखा में हजारों प्रहार मारकर अपने शहीद जवानों को वीर श्रद्धांजलि दी।

**प्रहार यज्ञ करके वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

प्रहार दिवस के अवसर पर सुबह पौने 6 बजे कड़कड़ाती ठंड में आरएसएस के स्वयंसेवक नगर की विभिन्न शाखाओं में संपत्त हुए। भगवा ध्वज लगने के बाद सुबह 6 बजे से 7 बजे तक लगातार स्वयंसेवकों ने दण्ड प्रहार का गिनती के साथ अभ्यास किया। तत्पश्चात सभी ने अपनी-अपनी शाखा के मुख्य शिक्षक और शाखा कार्यवाह को आंकड़े नोट करवाए। शिवाजी प्रभात शाखा नूतन स्कूल में 8063 प्रहार, जगत जननी रिसाई माता शिशु मंदिर आमातालाब रोड में 9176, मां विंध्यवासिनी प्रभात शाखा एकलव्य खेल मैदान में 6562, भामाशाह शाखा साहू सदन में 16077 और श्रीराम प्रभात शाखा सोरिद के स्वयंसेवकों ने 16200 प्रहार मारकर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इस तरह पूरे धमतरी नगर में 56078 प्रहार मारे गए।

इस अवसर पर शिवाजी प्रभात शाखा के नगर संघचालक





रामलखन गजेन्द्र, नगर कार्यवाह गौरव मगर, वरिष्ठ स्वयंसेवक लक्ष्मणराव मगर, विनोदराव रणसिंह, मोहनलाल साहू, राजकुमार पटेल, योगेश साहू, नितेश कुंभकार, शिवनारायण छांटा, नील पटेल, दिनेश पटवा, धनेश्वर यादव, रोहित देवांगन, तिलकदास मानिकपुरी, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट, बाल स्वयंसेवक अयांश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में 5 वर्षीय बाल स्वयंसेवक अयांश सिंह ने भी 55 प्रहार मारकर युवाओं में जोश भर दिया। वहीं अन्य प्रभात शाखाओं में घनश्याम साहू, धरमसिंह साहू, विजय ठाकुर, राकेश साहू, रामजी साहू, रौनित सहारे, नोहर देवांगन, शिवाजी साहू, उमेश साहू, उत्तर साहू, हरिबंश साहू, वेदप्रकाश साहू, राजेन्द्र पटेल उपस्थित थे।

## संत नामदेव महाराज की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा





- **संत के तैलचित्र को वाहन में फूलों से सजाया, समाजजनों में रहा भारी उत्साह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती पर शनिवार को समाजजनों ने डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा निकाली। शाम 5 बजे शोभा यात्रा घड़ी चौक से प्रारंभ हुई जो बालक चौक, गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, कचहरी चौक, गणेश चौक, रामबाग होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर के पास स्थित गोंडवाना भवन में समाप्त हुई। इस दौरान महिलाएं भक्ति गीत गा रही थी। बच्चे डीजे की धुन पर थिरक रहे थे। समाजजनों के हाथों में भगवा ध्वज लहरा रहा था। संत नामदेव के तैलचित्र को वाहन में सवार कर फूलों से सजाया गया था। शोभायात्रा के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद संत रामदेव महाराज की विधि-विधान से पूजा- अर्चना की गई। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। शोभायात्रा के पूर्व सुबह कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम 7 बजे गोंडवाना भवन में मंचीय कार्यक्रम हुआ। अतिथि विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, पार्षद केके पेंदरिया थे। उन्होंने संत नामदेव महाराज को संत शिरोमणि बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। समाजजनों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह, शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समाज के दिनेश नामदेव, प्रवीण नामदेव, ललित नामदेव, पवन नामदेव, रूपेन्द्र नामदेव, कौशल नामदेव, ईश्वर नामदेव, रूक्मणि नामदेव, रेणुका नामदेव, गार्गी नामदेव, हरीश नामदेव, राजकुमार नामदेव, राधेश्याम नामदेव, वीरेन्द्र नामदेव, नवलकिशोर नामदेव, प्रदीप नामदेव, सौरभ नामदेव, लक्की नामदेव, राजा नामदेव, योगेश नामदेव, सुमीत नामदेव, बसंद नामदेव, संतोष नामदेव, संतोष नामदेव, रामबाई नामदेव, गीता बाई नामदेव, चंद्रिका नामदेव, शारदा बाई नामदेव, लक्ष्मीनारायण नामदेव, लक्ष्मण नामदेव, नंदलाल नामदेव, शारदा प्रसाद नामदेव, पप्पू नामदेव, अंशुल नामदेव, पृथ्वीराज नामदेव, यशवंत नामदेव, सोहन नामदेव, मनोज नामदेव, अमित नामदेव सहित सभी समाजजन उपस्थित थे।

## आज निकलेगी सतनाम संदेश यात्रा, तैयारी में जुटा समाज

### गुरु घासीदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य : कोमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास की जयंती के एक दिन पूर्व 17 दिसंबर को सतनामी समाज के युवा प्रकोष्ठ द्वारा शहर में सतनाम संदेश यात्रा निकाली जायेगी।

युवा प्रमुख कोमल संभाकर ने कहा कि बाबा के उपदेशों को पूरे मानव समाज में फैलाने हर वर्ष युवा प्रकोष्ठ व सतनामी समाज द्वारा सतनाम संदेश यात्रा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि बाबा गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय में हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंच नीच, झूठ-कपट का बोलबाला था। बाबा ने समाज में एकता, भाईचारा तथा समरसता का संदेश दिया। गुरु घासीदास ने समाज के लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की तैयारी में शहर अध्यक्ष मीना कुर्रे, सचिव सुकृति महिलांगे, युवा जिलाध्यक्ष विनोद डिंडोलकर, देव कुर्रे, रविन्द्र बांधे, अतुल भारती, धनेश नवरंग, तामेश बंजारे, बाबा डहरिया, ठाकुरराम बंजारे, दूषण जोशी, चंदू बंजारे, सागर गायकवाड़, मोहन महिलांगे, अजय डहरिया, भूपेंद्र भारती, लोकेश गायकवाड़, कुशल डिंडोलकर, ताकेश बघेल, नवीन मारकंडे, लछेंद्र कुर्रे, राहुल सतनामी, योगेश बांधे, आकाश बंजारे, राहुल गायकवाड़, मुकेश बघेल जुटे हैं।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## किडनी पीड़ितों ने टेली-नेफ्रोलॉजी कैंप में विशेषज्ञों से लिया परामर्श

- **डायलिसिस सेंटर में लगा ऑनलाइन नेफ्रोलॉजी कैंप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिला अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में आयोजित ऑनलाइन नेफ्रोलॉजी कैंप में किडनी मरीजों ने कलकत्ता के विशेषज्ञ डॉक्टर को अपनी समस्या बताते हुए उपचार के लिए परामर्श लिया।

किडनी की बीमारी से पीड़ित मरीजों को जिला अस्पताल में बीते दो वर्ष से निःशुल्क डायलिसिस सेंटर की सुविधा मिल रही है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा ट्रिपल पी मोड पर एस्काग संजीवनी कंपनी के साथ जिला अस्पताल में डायलिसिस सेंटर स्थापित किया गया है। किडनी के मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस के साथ सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को रायपुर के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. करण सराफ सेवा देते हैं। इसके अतिरिक्त कंपनी दो से तीन माह के बीच डायलिसिस सेंटर में किडनी के मरीजों के लिए टेली-नेफ्रोलॉजी कैंप लगाती है। इस कैंप में मरीज प्रदेश सहित महानगरों के प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट चिकित्सकों से ऑनलाइन चर्चा कर अपनी समस्या बताते हैं। मरीजों की समस्या से अवगत होकर चिकित्सक उन्हें आवश्यकता होने पर डायलिसिस या अन्य परामर्श देते हैं। शनिवार को कंपनी द्वारा जिला अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में टेली-नेफ्रोलॉजी कैंप लगाया गया, जिसमें प्रदेश के सुधीर चौरी एमडी व कलकत्ता के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आशीष ने ऑनलाइन किडनी पीड़ितों की समस्या सुनकर परामर्श दिया। कैंप में चार किडनी के मरीज उपस्थित हुए थे, जिसमें से एक मरीज को डायलिसिस लेने के लिए परामर्श दिया। इसी तरह अन्य मरीजों से भी चर्चा की गई। इस दौरान कंपनी के कॉर्डिनेटर अलंकर मुखर्जी, टेक्निशियन सैमुअल डिसूजा, हाउस कीपर लक्ष्मीन साहू व स्टाफ ने मरीजों को विशेषज्ञों से टेली के माध्यम से बात कराने में सहयोग किया।

### प्रदेश में कंपनी के 24 डायलिसिस सेंटर

जिला कॉर्डिनेटर अलंकर मुखर्जी ने बताया कि प्रदेश में एस्काग संजीवनी कंपनी 24 डायलिसिस सेंटर संचालित करती है। प्रत्येक सेंटर में दो से तीन माह के बीच टेली-नेफ्रोलॉजी कैंप आयोजित किया जाता है, जिसमें मरीज नेफ्रोलॉजिस्ट से ऑनलाइन सीधे बात करते हैं। जिला अस्पताल में भी कैंप आयोजित किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-73544-11411

शिवशंकर मेडिकल कुरूद में 19 दिसम्बर, मंगलवार
विजय मेडिकोज धमतरी में 20 दिसम्बर, बुधवार
प्रोफेसर डॉ. ए.के. चौरसिया
(एम.डी. मेडिसीन)
(गठियावात, नशो में दर्द के विशेषज्ञ)
परामर्श हेतु उपलब्ध : समय : सुबह 10 से 2 बजे तक
बिना ऑपरेशन दवा द्वारा उपचार
- नस ब्लाक L4-L5 नशो में दर्द, दर्द के कारण अकड़न, चलने पर तकलीफ पाव में झुनझुनी एवं शून्यपन। साइटिका, कमर दर्द का संपूर्ण निदान।
- घुटना दर्द : घुटने पर दर्द, सूजन, अकड़न, सीढ़ी चढ़ने पर दर्द, ज्यादा चलने पर दर्द, बैठकर उठने पर दर्द, ज्यादा खड़े होने पर दर्द।
- घुटने पर Synovial Fluid कम होना (Liquid कम होना), हड्डी में गेप कम हो जाना। दवा द्वारा संपूर्ण निदान।
- कंधा दर्द, गर्दन, Teenis Elbow, लकवा।
- शुगर : शुगर के कारण कमजोरी, थकान, भूख न लगना, कब्ज, गैस, फैटी, लीवर, शुगर के कारण पेनिस पर दाने, खुजली, यौन कमजोरी में दवा से विशेष लाभ।
विजय मेडिकोज महावर धर्मशाला के सामने रायपुर रोड, धमतरी (छ.ग.)
शिवशंकर मेडिकल स्टोर्स, कारगिल चौक, कुरूद (छ.ग.)
संपर्क- 9630634468, 940600458